भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1905
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 14 मार्च, 2022
23 फाल्गुन, 1943 (शक)

नृसिंहनाथ मंदिर का परिरक्षण

1905. श्री सुरेश पुजारी:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा ओडिशा में पैकमल, बरगढ़ के नृसिंहनाथ मंदिर को राज्य सरकार द्वारा अधिगृहीत करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इस प्रक्रिया के कब तक पूरा होने की संभावना है;
(ग) क्या मंदिर की दशा, स्थिति आदि के संबंध में पूर्ण रिपोर्ट पहले ही तैयार कर ली गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या एएसआई ने मंदिर की मरम्मत, सुरक्षा, रखरखाव, जीर्णोद्धार आदि के संबंध में अपनी परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली है; और
(ड.) यदि नहीं, तो ऐसी रिपोर्ट कब तक तैयार किए जाने की संभावना है?

उत्तर
संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): ओडिशा सरकार के संस्कृति विभाग से जिला बरगढ़ में पैकमल स्थित नृसिंहनाथ मंदिर को राष्ट्रीय महत्व के स्मारक का दर्जा प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव प्राप्त होने पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के एक तकनीकी दल द्वारा इस स्थल का निरीक्षण किया गया था और इसकी मूल स्थिति के आधार पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने इस स्मारक को केंद्रीय संरक्षण में नहीं जाने की सिफारिश लिए की है।

(ग) से (ड.): प्रश्न नहीं उठता।

*****